समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बेगंलुरु भगदड़ मामले मे कंर्नाटक सरकार ने RCB को ठहराया जिम्मेदार, विराट कोहली का भी नाम शामिल, हाईकोर्ट मे रिपोर्ट पेश

Publisher
Published on 17 Jul 2025



**बेगंलुरु, 17 जुलाई 2025:**
**कर्नाटक सरकार** ने बेंगलुरु में 4 जून को हुई भगदड़ की घटना को लेकर एक **गंभीर रिपोर्ट** हाईकोर्ट में पेश की है। इस रिपोर्ट में **रॉयल चैलेंजर्स बैगंलोर (RCB)** को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया गया है। रिपोर्ट में **टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली** का भी उल्लेख किया गया है।

**क्या कहा गया रिपोर्ट मे ?**

सरकार का कहना है कि

- **RCB ने जीत के जश्न (Victory Parade)** के लिए **इजाजत नहीं ली थी**, केवल सूचना दी थी।
- **DNA Networks Pvt Ltd**, जो आयोजन कंपनी थी, ने **3 जून** को केवल एक सूचना पत्र भेजा, लेकिन **अनुमति नहीं ली** – जो कि **2009 के पुलिस आदेशों के खिलाफ** था।
- **सोशल मीडिया पर अचानक** विक्ट्री परेड की घोषणा करने से **भीड़ नियंत्रण असंभव** हो गया।
- भगदड़ में **11 लोगों की मौत** और **कई घायल** हो गए।
- स्टेडियम के बाहर लाखों लोग इकट्ठा हो गए थे, जबकि **कोई पुख्ता इंतज़ाम नहीं** किए गए थे।

**अदालत और प्रशासन की प्रतिक्रिया :**

इससे पहले, **केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (CAT)** ने भी RCB को इस हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया था। अब राज्य सरकार की रिपोर्ट ने इस पर मुहर लगा दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि **पुलिस को सीमित कार्यक्रम की अनुमति** दी गई थी, लेकिन **वास्तविक आयोजन उससे कहीं ज्यादा बड़ा** निकला।

**विराट कोहली का जिक्र क्यों ?**

रिपोर्ट में **विराट कोहली का नाम आयोजन से जुड़ी प्रोमोशनल गतिविधियों** के संदर्भ में लिया गया है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ किसी कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है या नहीं।

**आगे क्या हो सकता है ?**

- हाईकोर्ट रिपोर्ट की समीक्षा करेगा।
- आयोजकों और RCB पर कार्रवाई की सिफारिश संभव।
- मुआवजे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

RCB की जीत का जश्न अब **एक बड़े सवाल** के घेरे में है। बिना इजाजत कार्यक्रम, लाखों की भीड़ और सुरक्षा चूक – ये सभी अब जांच और न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा बन चुके हैं। इस केस में अगली सुनवाई और कोर्ट की टिप्पणियां अहम होंगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.